अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2016
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बाबरनामा बाबर द्वारा लिखित एक- **(1)**

(A) महाकाव्य है (B) कविताओं का संकलन है

(C) आत्मकथा है (D) धार्मिक पुस्तक है

**2.** कन्नौज के युद्ध में हुमायूँ पराजित हुआ, क्योंकि- **(1)**

(A) शेरशाह की सेना अधिक शक्तिशाली थी (B) हुमायूँ की सेना ने बगावत कर दी

(C) हुमायूँ की युद्ध करने की पद्धति अच्छी नहीं थी (D) बरसात हो जाने के कारण युद्ध में तोपखाना व्यर्थ सिद्ध हुए

**3.** नील नदी का वरदान किसे कहा जाता है? **(1)**

(A) चीन को (B) मेसोपोटामिया को

(C) मिस्र को (D) ईरान को

**4.** इबादतखाना का निर्माण कराया था- **(1)**

(A) अकबर ने (B) औरंगजेब ने

(C) शाहजहाँ ने (D) जहाँगीर ने

**5.** मराठों का सर्वाधिक उत्थान- **(1)**

(A) सम्भाजी के काल में हुआ (B) शिवाजी के काल में हुआ

(C) शाहजी के काल में हुआ (D) बाजीराव के काल में हुआ

**6.** विलय नीति का सम्बन्ध है- **(1)**

(A) नाना साहब से (B) डलहौजी से

(C) टीपू सुल्तान से (D) बाजीराव से

**7.** संसद से तात्पर्य है- **(1)**

(A) लोकसभा (B) राज्यसभा

(C) लोकसभा, राज्यसभा तथा राष्ट्रपति (D) लोकसभा तथा राज्यसभा

**8.** भारत के राष्ट्रपति को कौन-सा अधिकार नहीं है? **(1)**

(A) संकटकालीन स्थिति की घोषणा करना (B) विदेशों में राजदूतों की नियुक्ति तथा पदच्युत करना

(C) संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयकों पर पुनर्विचार का अधिकार (D) लोकसभा के सदस्यों की नियुक्ति और पदेन अधिकार

**9.** भारत का प्रथम नागरिक है- **(1)**

(A) राष्ट्रपति (B) उप-राष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री (D) लोकसभाध्यक्ष

**10.** सर्द हवाएँ चलती हैं- **(1)**

(A) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर
(B) ध्रुवों से भूमध्य रेखा की ओर
(C) ध्रुवों से ध्रुवों की ओर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** सहारा मरुस्थल स्थित है- **(1)**

(A) उत्तरी अफ्रीका में
(B) दक्षिणी अफ्रीका में
(C) पूर्वी अफ्रीका में
(D) पश्चिमी अफ्रीका में

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पादक है? **(1)**

(A) गाय
(B) जंगली भैंस
(C) हरे पौधे
(D) जीवाणु

**13.** रुपया मुद्रा है- **(1)**

(A) जापान की
(B) भारत की
(C) अमेरिका की
(D) ब्रिटेन की

**14.** भारत में कितने प्रतिशत भाग पर वन स्थित हैं? **(1)**

(A) 24.16 प्रतिशत
(B) 33.00 प्रतिशत
(C) 21.54 प्रतिशत
(D) 19.45 प्रतिशत

**15.** योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन कब हुआ? **(1)**

(A) 1 जनवरी 2015
(B) 1 जनवरी 2014
(C) 26 जनवरी 2015
(D) 15 अगस्त 2014

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** मुगल काल के दो प्रसिद्ध इतिहासकारों के नाम लिखिए। **(1)**

**17.** हुमायूँ और शेरशाह के मध्य कौन-कौन से युद्ध हुए? **(1)**

**18.** वैयक्तिक कानून (पर्सनल लॉ) क्या है? **(1)**

**19.** शिवाजी का राज्याभिषेक कहाँ हुआ था? **(1)**

**20.** दो अभेद्य किलों के नाम लिखिए। **(1)**

**21.** कर्नाटक का प्रथम युद्ध क्यों हुआ था? **(1)**

**22.** नियामक अधिनियम (रेगुलेटिंग एक्ट) कब पारित हुआ था? **(1)**

**23.** पिट्स इण्डिया एक्ट कब पारित हुआ? **(1)**

**24.** राज्य सभा के कितने सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करता है? **(1)**

**25.** मरुस्थलीय प्रदेश की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**26.** कोयला भारत में कहाँ पाया जाता है? किन्हीं दो स्थानों के नाम लिखिए। **(1)**

**27.** सदाबहार वन किसे कहते हैं? **(1)**

**28.** भारत में सौर ऊर्जा के विकास की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**29.** बैंक दर क्या है? **(1)**

**30.** प्रत्यक्ष कर के दो उदाहरण दीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शेरशाह सूरी की शासन व्यवस्था का वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** अकबर की धार्मिक नीति का मूल्यांकन कीजिए। **(2)**

**33.** भारत में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की राजनीतिक सफलता के क्या कारण थे? **(2)**

**34.** भारत के राष्ट्रपति की प्रशासनिक शक्तियों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की योग्यताओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** शीतोष्ण कटिबन्धीय घास के मैदानों की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**37.** खनिज तेल हमारे जीवन के लिए क्यों उपयोगी है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**39.** संचार माध्यमों की उपयोगिता लिखिए। **(2)**

**40.** सरकार पर जनता नियंत्रण कैसे रख सकती हैं? बिन्दुवार अपनी राय दीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samajik-adhyayan/2016

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN